# पानी के लिए संघर्ष कर रहे खैरी रैयत के ग्रामवासी

**जल जीवन मिशन का जमीनी स्तर पर नहीं दिख रहा असर**



**गणेशगंज नवभारत। जिले के लखनादौन विकासखंड अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बदनौर के ग्राम खेरी रैयत ( वंजर ) में निवासरत लगभग चार सौं से अधिक ग्रामवासी विगत सात दशक से अधिक समय से पानी के लिए कर रहे संघर्ष परंतु किसी भी जनप्रतिनिधियों ने अब तक संज्ञान नही लिया।**

विदित हों ग्राम खेरी रैयत (वंजर) में एक परिवार को छोड़ दिया जाए तो लगभग सभी आदिवासी गरीब तबके के परिवार यहां निवास करते है जिन्होंने नवभारत से अपनी समस्या बताते हुए कहां की विगत सत्तर वर्षों से अधिक का समय हो गया यहां पानी की बहुत समस्या है इसे लेकर उन्होंने ग्राम पंचायत सहित जनप्रतिनिधियों को समय समय से आगाह किया परंतु आज दिनांक तक किसी ने इन गरीबों की सुध नहीं ली।

### एक हैंडपंप के भरोसे पूरा गांव

पानी के लिए मोहताज लोगों ने आगे बताया पूरे गांव में सिर्फ़ एक ही हैंडपंप है जिसके सहारे उन्हें पानी मिल रहा है जिसके लिए से सुबह से शाम तथा देर रात तक पानी के लिए संघर्ष करना पड़ता है यही नहीं हैंडपंप तक पहुंचने के लिए उन्हें एक ऊंचे घाट से उतरकर लगभग 500 मीटर की दूरी तय कर पानी लाना पड़ता है।

### सोलर पंप बना दिखावा

विगत चार वर्ष पूर्व यहां सोलर पंप भी लगाया गया था जिससे कुछ राहत तो मिली थी लेकिन सोलर ज्यादा दिन नहीं चलकर महज एक वर्ष में वह खराब हो गया जिसकी शिकायत करने के बाद भी कोई समाधान नहीं निकला। जल जीवन मिशन नए प्रदेश की नई कहानी पहूंच रहा हर घर पानी ये अब सिर्फ़ बातों में सिमट कर रह गया है इसकी जमीनी स्तर पर वास्तविकता कुछ और ही है।

### इनका कहना है



मेरी उम्र लग लगभग 69 वर्ष की है। मैने बचपन से ही 500 मीटर दूरी तय कर घाटी के नीचे पूर्व में स्थित कुआं (अब हैंडपंप) से पानी लाते देखा है जो स्तिथि आज भी जस की तस है।

**साहूलाल मरकाम ग्रामवासी**



हम जब से इस गांव में शादी होकर आए हैं तब से ही यहां पानी की बहुत समस्या है हमने अपने बच्चों की शादी के लिए बहुत समस्या का सामना किया था। बिना पानी कुछ नही कर सकते शिकायत के बाद भी सुनवाई नहीं होती।

**सरस्वती मरकाम ग्रामवासी**



पूरा गांव एक ही नल से पानी भरता है सुबह उठकर सबसे पहले पानी के लिए लाईन लगाना पड़ता है मुस्किल से पानी मिलता है उसके बाद खड़ी घाटी चढ़कर अपने घर पहुंचते है बहुत दिक्कत से पानी मिलता है।

**सनिया मरकाम ग्रामवासी**



हमने अनेकों बार ग्राम पंचायत तथा जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया किंतु हमें हर बार आश्वासन के अलावा और कुछ नही मिलता।

**ओमप्रकाश ठाकुर स्थानीय ग्रामवासी**

# खेत में जुताई करते समय ट्रैक्टर कुएं में गिरा, ड्राइवर की मौत



**छपारा नवभारत।** थाना क्षेत्र के सालीवाडा ग्राम में एक ऐसा मामला सामने आया जहां खेत में ट्रैक्टर से जुताई करने जुट व्यक्ति की खेत में बने खुले कुएं में ट्रैक्टर सहित गिरने से मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह 4:30 बजे के आसपास सालीवाड़ा ग्राम के किसान राजेश कुमार ठाकुर के खेत में जुताई का काम कर रहे ट्रैक्टर चालक 27 वर्षीय देवलाल कुशवाहा अचानक नींद के झोंके में ट्रैक्टर सहित बिना जगत के कुएं में समा गया, वहीं इस हादसे में ट्रैक्टर चालक देवलाल कुशवाहा की जान चली गई, सूचना मिलते ही मौके पर छपारा थाना से डायल 112 पहुंची जिसमें मौजूद सैनिक श्याम सिंह और 112 के पायलट जगत राम मर्सकोले पहुंचे और उन्होंने घटना का जायजा लेकर संपूर्ण जानकारी थाना प्रभारी को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए छपारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है फिलहाल घटना की जांच में छपारा पुलिस जुटी है।

## एक नजर में



### कलेक्टर ने किया प्लांटेशन कार्यों का निरीक्षण

सिवनी। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने आज केवलारी विकासखण्ड के प्रवास के दौरान ग्राम चोर पिपरिया में हुए प्लांनटेशन कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारी से प्लांनटेशन रकबा एवं लगाए गए पौधों की प्रजाति की जानकारी प्राप्त कर सुरक्षित रखरखाव करने के दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर पशुओं से पौधों को सुरक्षित रखने की बात कही। इस अवसर पर एसडीएम केवलारी श्री महेश अग्रवाल सहित अन्य क्षेत्रीय अधिकारियों उपस्थित रहीं।

### रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला आज

सिवनी। कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार युवाओं और युवतियों को निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत एक जिला स्तरीय रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेला बुधवार 19 नवम्बर 2025 को प्रात: 11 बजे से अपराह्न 3 बजे तक शासकीय आईटीआई, कुरई में आयोजित किया जा रहा है। आयोजित मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, कॉल सेंटर ऑपरेटर सहित अन्य पदों पर भर्ती की जाएगी। साथ ही स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत ऋण वितरण प्रमाण पत्र भी वितरित किए जाएंगे। इच्छुक अभ्यर्थी जो 18 से 35 वर्ष की आयु तथा जिन?होंने कक्षा 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई या स्नातक तक की शिक्षा प्राप्त की है, अपने समस्त मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची तथा दो पासपोर्ट आकार के फोटो सहित उपस्थित होकर रोजगार मेला में भाग ले सकते हैं। इस हेतु किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा।



### नि:शुल्क हृदय रोग शिविर का हुआ आयोजन

सिवनी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में दिनांक 18/11/2025 को जिला चिकित्सालय परिसर स्थित जीएनएम नर्सिंग सेंटर सिवनी में 0 से 18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए नि:शुल्क हृदय रोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 50 बच्चों का पंजीयन किया गया, जिनमें 24 बच्चों को सर्जरी हेतु मेट्रो हॉस्पिटल, जबलपुर के लिए चिह्नित किया गया। 6 बच्चों को हायर सेंटर रेफर किया गया तथा 10 बच्चे सामान्य पाए गए। सभी पंजीकृत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं श्वष्ट।ह्न जांच मेट्रो हॉस्पिटल, जबलपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. के. एल. उमा महेश्वर द्वारा किया गया। शिविर में जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. शैलेश डेहरिया, अनुराग दुबे, समस्त विकासखंड के स्ह्र, तथा ष्टश्वह्रष्ट स्टाफ उपस्थित रहे।

# ओलम्पियाड परीक्षा में 95 .79 प्रतिशत बच्चों की रही सहभागिता




**सिवनी नवभारत।** जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर सह जिला मिशन संचालक श्रीमति शीतला पटले तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सह जिला परियोजना संचालक श्रीमति अंजली शाह के निर्देशन एवं परीक्षा तथा जिला परियोजना समन्वयक श्री महेश बघेल के मार्गदर्शन में 18 नवम्बर 2025 को जिले के 80 जनशिक्षा केन्द्रों में जिलास्तरीय ऑलम्पियाड परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। परीक्षा में शासकीय शालाओं के कुल 32345 पात्र विद्यार्थियों में से 30971 बच्चे उपस्थित रहे। इस प्रकार 95.79 प्रतिशत बच्चों ने परीक्षा में सहभागिता दर्ज की।

जिले के विभिन्न विकासखण्डों में विकासखण्ड कुरई ने सर्वाधिक 96.62 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी केन्द्रों में परीक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया एवं परीक्षा के सफल संचालन में पालकों का विशेष सहयोग रहा। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार परीक्षा का अवलोकन सभी एपीसी, बीआरसीसी, बीएसी एवं जनशिक्षकों द्वारा किया गया। परीक्षा के सुचारु एवं सफल आयोजन में शिक्षकों, जनशिक्षा केन्द्र प्रभारियों, जनशिक्षकों, बीएसी, बीआरसीसी एवं एपीसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# शराबी पतियों से परेशान चमारीखुर्द की महिलाएं, पहुंची कलेक्ट्रेट



**सिवनी नवभारत। गांव-गांव बिक रही शराब के चलते गांव में अधिकांश लोगों द्वारा शराब का सेवन किए जाने से जहां गांव का माहौल बुरी तरह से खराब हो गया है वहीं कम उम्र के बच्चे भी नशे की लत में आ रहे हैं। मंगलवार को बड़ी संख्या में गांव चमारीखुर्द की पीड़ित महिलाएं शराब बंद किए जाने वह दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंची जहां जनसुनवाई में महिलाओं ने कलेक्टर शीतला पटले से न्याय की गुहार लगाई है।**

पीड़ित महिलाओं में इंद्रा भलावी, रमा बाई, शिवकली, गीता भलावी, सुखलिया, दूर्गति, सावित्री बाई कुशवाहा, उमा देवी, रामकुमारी, प्रेमवती, वेसखिया यादव, रोज कुशवाहा आदि महिलाओं ने बताया कि हमारे ग्राम मे शराब बनायी जा रही है। जिस पर हमारे द्वारा शराबीयो के विरुद्ध आवेदन एव जन आदोलन भी किया गया था। परन्तु आज भी हमारे ग्राम में शराबीयो को द्वारा ग्रामो में शराब बनाकर हमारे ग्राम मे बेच रहे है जिससे हमारे गांव की मां बहने अपने शराबी पतियों से अत्याधिक परेशान हो रहे है।

ग्राम में शराब पीने के आदी व्यक्तियों के द्वारा पूरे घर को बरबाद करके रखा है जिससे हम मा बहनो का रहना दूभर हो रहा है। हम चाहते हे कि शराब के ठेकेदारों और जो ग्रामो में शराब बनाकर बेच रहे है उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये ताकि हम गांव की मा बहने अपने घर को उजडने से बचा सके। और गांव शराबीयो के द्वारा शराब पीकर गंदी गंदी गाली मे भी अमन शांति का वातावरण बना रहे। कुछ शराबियों के द्वारा शराब पीकर गंदी-गंदी गाली बकते है और आये दिन किसी ना किसी से लडते-झगडते रहते है और जिससे हम परेशान व्यक्तियों को कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाना पडता है। इसलिए हमारे ग्राम चमारीखुर्द को शराबीयो से नशा मुक्त कराया जाना न्यायहित में आवश्यक है। ग्राम चमारीखुर्द को शराबीयो से नशा मुक्त कराये जाने की मांग की हैं।




# कोतवाली पुलिस ने चलाया जागरुकता कार्यक्रम

**सिवनी नवभारत।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों की रोकथाम एवं नाबालिग गुम बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए निरंतर हरसंभव प्रयास किये जा रहे हैं एवं स्कूलों एवं कॉलेजों में लगातर जाकर ऑपरेशन मुस्कान अंतर्गत जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है साथ ही सभी अनुभाग के एसडीओपी एवं समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को भी कक्षा 5वीं से कक्षा 12वीं तक के विद्यालयों में जाकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया हैं। जिनके मार्गदर्शन में उक्त अभियान सफलतापूर्वक चालाया जाकर स्कूली बच्चों को सतत् जागरुक किया जा रहा हैं।

इसी क्रम में 18 नवंबर को पुलिस थाना कोतवाली निरीक्षक सतीश तिवारी द्वारा मिशन इंग्लिश स्कूल में लगभग 300 स्कूली नाबालिग छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन की उपस्थिति में ऑपरेशन मुस्कान एवं सायबर जागरुकता अभियान अंतर्गत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नाबालिग बालक बालिकाओं को समाज में फैली बुराईयों से बचनें के तरीके, नाबालिकों के साथ होने वाले अपराध एवं उनके दुष्परिणाम तथा इससे संबंधित आपराधिक कानून पाक्सो एक्ट के प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए अंजान व्यक्तियों के प्रलोभन में ना आते हुए विद्या अध्ययन पर ध्यान देने हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं किसी प्रकार की परेशानी होने पर तत्काल सूचना देने की समझाईश दी।

# जिला पंचायत सीईओ अंजली शाह को मिला राष्ट्रीय सम्मान



**धारनाकला नवभारत।** सिवनी जिले के लिये गर्व का पल है की जिला पंचायत सी ई ओ अंजली शाह ने अपने उत्कृष्ट कार्य और जल संरक्षण मे नवाचार पूर्ण योगदान के लिये प्रतिष्ठित जेएसजेबी 1.0 अवार्ड हासिल कर लिया है यह सम्मान राष्ट्रीय जल मिशन की ओर से दिया गया। अंजली शाह को यह सम्मान जल संरक्षण और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से जिले मे जल प्रबंधन के उत्कृष्ट माडल तैयार करने के लिये दिया गया है यह सम्मान सिवनी जिले के लिये एक बहुत बडी उपलब्धि है क्योकि पहली बार जिले से किसी अधिकारी को को राष्ट्रीय जल पुरूस्कार मंच पर स्थान मिला है।

**आज विज्ञान भवन में बड़ा सम्मान समारोह**

जल शक्ति मंत्रालय की मिशन डायरेक्टर अर्चना वर्मा द्धस् द्वारा जारी आधिकारिक पत्र के अनुसार विजेताओ को 18 नवम्बर सुबह 10 बजे नई दिल्ली के विज्ञान भवन मे होने वाली ग्रेड सेरेमनी से सम्मानित किया गया है उल्लेखनीय है की अंजली शाह ने ग्रामीण अंचलो मे पानी की किल्लत को दूर करने के लिये क ई नवाचार पूर्ण मॉडल विकसित किये है इन्ही कार्यो के चलते उन्हे राष्ट्रीय स्तर पर एक प्रेरणादायक प्रशासनिक अधिकारी के रूप मे पहचान मिली है तथा राष्ट्रीय जल मिशन की ओर से कहा गया है की अंजली शाह जैसे अधिकारी देश के लिये जल संरक्षण आन्दोलन के वास्तविक नायक है। सिवनी जिले मे इस सम्मान की खबर से खुशी की लहर दौड पडी है स्थानीय जन प्रति निधियो तथा जिला पंचायत के समस्त स्टाप ने अंजली शाह को बधाई दी है जिला प्रशासन मे भी उत्साह का माहौल है।



**लापरवाही** ▶ ग्राम बिठली में तालाब बनाने की तैयारी , सरपंच ने अपनाया तानाशाही रवैया, किसानों को पानी देना किया बंद

# तालाब गहरीकरण के नाम पर पत्थर चोरी करवाने की फिराक में सरपंच-सचिव

**सिवनी नवभारत।** जिला मुख्यालय से लगे बिठली ग्राम पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा मानों रूपये की लालच में आकर मौत की खाई नुमा तालाब बनाने/गहरीकरण की तैयारी की जा रही है जिसके लिए बकायदा पंचायत से प्रस्ताव बनाकर कार्यालय कलेक्टर खनिज शाखा से आवेदन भी दिया गया है जहां उल्लेख किया गया है कि मुरम/पत्थर का परिवहन श्री बालाजी मेटल्स केशव अग्रवाल द्वारा किया जाना है का उल्लेख किया गया है बता दें कि उक्त खसरा रकबा में पहले से ग्राम पंचायत द्वारा ही तालाब निर्माण कराने के लिए पत्थर/मुरम का निकलवाकर क्रेशर संचालक को परिवहन की अनुमति प्रदान कर दी गई थी और अब उसी स्थान पर फिर से सरपंच सचिव द्वारा अनुमति के लिए आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो कि संदेहास्पद है।

ग्राम पंचायत बिठली के राघादेही में सरपंच और सचिव पर गंभीर आरोप लगे हैं। ग्रामीणों ने दावा किया है कि तालाब निर्माण के नाम पर बालाजी मेटल्स के पार्टनर को लाभ पहुंचाने की साजिश रची जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पटवारी हल्का नंबर 107, राजस्व निरीक्षक मंडल डूंडासिवनी, तहसील एवं जिला सिवनी के खसरा नंबर 34 में स्थित 10.74 हेक्टेयर रकबे में से 1.40 हेक्टेयर शासकीय भूमि जो कि बड़े झाड़ के जंगल दर्ज है में उत्खनन की अनुमति ली जा रही है। बता दें कि शिकायत के आधार पर जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटेल द्वारा जांच टीम गठित किया गया जहां बिठली के ग्राम राधादेही में जैसे ही टीम पहुंची ग्राम राघादेही में हड़कंप मच गया। बीते दिनांक 17 नवंबर 2025को मौका स्थल पर निरीक्षण करने पहुंच गठित टीम ने पाया कि जिस खसरा नंबर 34(र) पर नया तालाब बनाने के लिए आवेदन दिया गया है वह तो सरकारी रिकॉर्ड में बड़ा झाड़ का जंगल के रूप में दर्ज है। जिससे प्रतीत होता है कि पहले से ही सरकारी जमीन पर अवैध खुदाई चल रही थी। मौका स्थल पर पहुंच जांच टीम के समझ ग्रामीण ने स्पष्ट कर दिया कि उक्त स्थान पर तालाब की कोई आवश्यकता नहीं है वहीं सरपंच सचिव द्वारा उक्त स्थान पर बालाजी मेटल्स के संचालक केशव अग्रवाल को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से उक्त अनुमति चाही गई है। सरपंच ने खसरा नंबर 34 (एस) पर नया तालाब बनाने की स्वीकृति ली है। वहाँ पहले से ही पर्याप्त गहराई पर एक तालाब मौजूद है। वहीं ग्रामीणों ने यह स्पष्ट आरोप लगाया है कि इस निर्माण का असली मकसद पत्थरों की अवैध खुदाई और उन्हें पास के बालाजी स्टोन क्रेशर संचालक केशव अग्रवाल के पार्टनर को बेचना है। यह सब सरपंच और क्रेशर संचालक की मिलीभगत से किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर द्वारा गठित टीम द्वारा किये गये जांच के उपरांत सरपंच की दबंगई जारी है जिसका खामियाजा सीधे किसानों को भुगतना पड़ रहा है किसानों का सीधा आरोप है कि सरपंच किसके दम पर यह तानाशाही कर रहे है? क्या जिले के सत्ता के गलियारों से उसे अदृश्य समर्थन मिल रहा है, जिसके कारण वह प्रशासन की जांच के बावजूद सरेआम बदला ले रहा है? यह मामला अब स्टोन क्रेशर संचालक को लाभ पहुंचाने का नहीं, बल्कि प्रशासन की शक्ति और माफिया की संगठित ताकत के बीच सीधा टकराव बन चुका है।

### ग्रामीणों की आपत्ति देख बौखलाये सरपंच

जैसे ही जिला कलेक्टर द्वारा गठित टीम मौके पर जांच करने पहुंची और जांच में पत्थर माफिया के साथ मिली भगत होने की बात सामने आई इससे बौखलाये सरपंच द्वारा पहले से खाईनुमा तालाब से किसानों को पानी देने पर रोक लगा दिया गया एवं उक्त स्थान से आसपास के किसानों को पानी देना बंद कर दिया गया जिससे प्रतीत होता है कि अवैध उत्खनन के खिलाफ आवाज उठाने की सजा अब किसानों को भोगना पड़ेगा जिससे किसानों पर संकट आने की संभावना जताई जा रही है चूंकि इस समय जब किसान अपनी फसल की सिंचाई के लिए पूरी तरह से पानी पर निर्भर हैं ऐसे में पानी रोक देना मानों सरपंच द्वारा बौखलाहट में लिया गया निर्णय है अब किसानों के लिए दुखदायी हो गया है यह दुर्भावनापूर्ण कार्रवाई उनकी फसल को खराब करने की धमकी दे रहे है।



### पहले से मौजूद है खाईनुमा तालाब

उक्त स्थान पर पहले से ही गहरी खाई के रूप में एक तालाब मौजूद है। ग्रामीणों का कहना है कि उसी स्थान पर पुन: उत्खनन की अनुमति मिलने से तालाब और अधिक खतरनाक गहराई में बदल जाएगा जिससे मानव एवं पशुओं के गिरने से बड़ी दुर्घटना होने की आशंका है। बड़े झाड़ के जंगल में खाईनुमा तालाब खतरे का कारण बन सकता है।

### ग्रामीणों की प्रशासन से मांग

कटघरे में आए इस पूरे मामले में ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खसरा 34 पर प्रस्तावित उत्खनन को तुरंत रोका जाए। स्थल का मैदानी निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति देखी जाए। जन और पशुधन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनुमति रद्द की जाए। जिम्मेदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाए।

# जनसुनवाई में प्राप्त हुए 114 आवेदन

**सिवनी नवभारत।** प्रत्येक मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री सी.एल. चनाप, अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत, संयुक्त कलेक्टर सुश्री प्रियंका वर्मा सहित अन्य विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित रहे। इसी तरह सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं अन्य विकासखंड स्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसुनवाई से जुड़े।

कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले द्वारा जनसुनवाई में आए आवेदकों की समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभागाधिकारियों को आवेदक की समस्या को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण करने के दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कहा कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को शीघ्र राहत मिल सके। वहीं जनसुनवाई में दूर दराज से आए आवेदकों की समस्याओं के संबंध में कलेक्टर श्रीमती पटले द्वारा संबंधित विकासखण्डस्तरीय अधिकारी से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कर आवेदक की समस्या को शीघ्र निराकरण कराने के दिशा निर्देश दिए गए।

जिलास्तरीय जनसुनवाई में शास्त्री वार्ड निवासी श्री रामकुमार चौहान द्वारा किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, रानी दुर्गावती वार्ड निवासी मेंगनिया बाई यादव द्वारा पट्टा दिलाने विषयक, ग्राम ओदगांव निवासी आशोक साहू द्वारा एनओसी प्रदान किए जाने विषयक, ग्राम बम्होड़ी निवासी नंदकिशोर चंद्रवंशी द्वारा पेयजल समस्या का निदान कराने, ग्राम बंजारी निवासी सूरजलाल धुर्वे द्वारा पेंशन न मिलने की शिकायत विषयक, ग्राम घंसौर निवासी श्रीमती गीता बकोड़े द्वारा भूमि का सीमांकन का अवैध अतिक्रमण हटाने विषयक, किदवई वार्ड सिवनी निवासी उषा मानाठाकुर द्वारा संबल योजना का लाभ दिलाए जाने, ग्राम कोहका निवासी बैजंती बघेल द्वारा आग लगने से हुए नुकसान का मुअवजा दिलाने, मयंक तिवारी द्वारा पेयजल एवं स्ट्रीट लाईट की मांग की।